# बिहार सरकार
# निर्वाचन विभाग
## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217352
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in


## 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2021 के अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति

- भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को प्रत्येक वर्ष ''**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**'' के रूप में मनाने का निर्णय आयोग द्वारा वर्ष 2011 में लिया गया था।
- ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' का प्रमुख उद्देश्य भारत के सभी नागरिक, जो निर्वाचक सूची में पंजीकरण हेतु योग्य हैं, का निर्वाचक सूची में शत–प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाना तथा निर्वाचन में उनकी शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराना है।
- इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम **सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरुक** (**Making our Voters, Empowered, Vigilant, Safe and Informed**) है।
- आज के इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का प्रसारण सभी Social Media Platform (Facebook, Twitter, Youtube) से किया जा रहा है एवं सभी जिलों के मुख्य कार्यक्रम का प्रसारण संबंधित जिले के Social Media Platform से किया गया है।
  - बिहार राज्य की सभी 243 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अर्हता तिथि 01.01.2021 के संदर्भ में निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 16.12.2020 को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है एवं दिनांक 11.01.2021 तक दावा आपत्ति से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त किये गये हैं। निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 15.02.2021 को निर्धारित है।
  - भारत निर्वाचन आयोग ने 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर e-EPIC की सुविधा निर्वाचकों को उपलब्ध कराई है। e-EPIC मतदाता पहचान पत्र का डिजीटल वर्जन होगा एवं इसे वोटर हेल्पलाइन एप अथवा वोटर पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।
  - इस अवसर पर सुव्यवथित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता SVEEP के आलोक में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरुकता पर आधारित कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेब रेडियो ''हेलो वोटर्स'' को भी प्रांरभ किया गया है। यह वेब रेडियो एफएम सर्विस की तरह अपनी सेवाएं देगा एवं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर दिये गये लिंक से एक्सेस किया जा सकेगा।
  - कोविड–19 महामारी के चुनौती के दौरान बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2020 के सफल आयोजन के आलोक में Best Electoral Practices National Award हेतु निर्वाचन प्रबंधन कैटेगरी के लिए बिहार राज्य का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त 6 अन्य पदाधिकारियों व जीविका संगठन को भी राष्ट्रीय पुरुस्कार हेतु चयनित किया गया है।

**National Award** -

| क्र०सं० | चयनित पदाधिकारियों का नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1. | श्री एच. आर. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार | चुनाव प्रबंधन हेतु सर्वश्रेष्ठ राज्य |
| 2. | श्री जितेन्द्र कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, बिहार | राज्य स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन |
| 3. | स्व0 श्री बिनोद कुमार (मरणोपरांत) पुलिस महानिरीक्षक, पूर्णियां | सुरक्षा प्रबंधन |
| 4. | श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग | कोविड–19 के दौरान निर्वाचन में नवाचार |
| 5. | श्री कुमार रवि, तत्कालीन पटना जिला निर्वाचन पदाधिकारी | जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन प्रबंधन |
| 6. | डॉ0 नवल किशोर चौधरी, तत्कालीन कैमूर जिला निर्वाचन पदाधिकारी | जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन प्रबंधन |
| 7. | श्री विशाल शर्मा, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, पूर्णियां | जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रबंधन |
| 8. | श्री बालामुरूगन डी, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी | मतदाता जागरूकता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु जीविका संगठन का चयन किया गया है। |

- राष्ट्रीय पुरस्कारों के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार श्री एच आर श्रीनिवास व अन्य सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुरुस्कार प्राप्त किया गया है।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम

- भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर राज्य स्तर पर, जिला स्तर पर तथा सभी मतदान केन्द्र स्थलों पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां नवपंजीकृत निर्वाचकों को मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया जाना है।
- दिनांक 25.01.2021 को अधिवेशन भवन, सिचाई भवन परिसर, पटना में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में बिहार के माननीय मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, बिहार मुख्य अतिथि हैं। मुख्य अतिथि द्वारा नवपंजीकृत निर्वाचकों को ईपिक वितरित किया गया, तदुपरांत शेष निर्वाचकों को अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ईपिक वितरित किया गया है।
- बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2020 के सफल संचालन पर आधारित कॉफी–टेबल पुस्तक का विमोचन भी मुख्य अतिथि माननीय मुख्य सचिव, बिहार द्वारा किया गया है।
- दिनांक 25.01.2021 को सभी जिला स्तरीय कार्यक्रमों एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाईव वेब स्ट्रीमिंग की गयी है।

- **बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2020 के सफल संचालन के क्रम में राज्यस्तरीय "Best Electoral Practices"** के तहत निम्नलिखित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2021 के अवसर पर दिनांक 25.01.2021 को अधिवेशन भवन, सिचाई भवन, पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्य सचिव, बिहार द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान किया गया है :–

**Best DEO Award -**

| क्र०सं० | जिला का नाम | चयनित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद | श्री सौरभ जोरवाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, औरंगाबाद |
| 2. | खगड़िया | श्री आलोक रंजन घोष, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खगड़िया |
| 3. | कटिहार | श्री कंवल तनुज, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, कटिहार |
| 4. | गया | श्री अभिषेक सिंह, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गया |
| 5. | मुजफ्फरपुर | डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना (तत्कालीन जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर) |

**Special Award -**

| क्र०सं० | चयनित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|
| 1. | श्री संजय कुमार अग्रवाल, प्रमण्डलीय आयुक्त, पटना |
| 2. | श्री कुन्दन कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण |
| 3. | श्री पंकज दीक्षित, निदेशक तकनीकी, उद्योग विभाग (तत्कालीन जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास) |
| 4. | श्री अशोक प्रियदर्शी, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मु0) |
| 5. | श्री नरेन्द्र कुमार, सिस्टम एनालिस्ट–सह–प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, पटना |
| 6. | Sr. Lissil Pallipadan, CEO, Asha Deep, Rehabilitation Centre for the Handicapped, Patna (Civil Society Orgnization) |
| 7. | श्री कपिल शर्मा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी (मु0) |

**Best ERO Award -**

| क्र० सं० | जिला का नाम | चयनित पदाधिकारियों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | कटिहार | सुश्री वर्षा सिंह, संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग (तत्कालीन उप विकास आयुक्त, कटिहार–सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66–प्राणपुर) |
| 2. | मुजफ्फरपुर | मो0 उमैर, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर –सह–निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 98–साहेबगंज |
| 3. | कैमूर | मो0 एहसान अहमद, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, भभुआ –सह–निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, 206–चैनपुर |
| 4. | पश्चिम चम्पारण | श्री रविन्द्र नाथ, उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण–सह– निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 07–चनपटिया |
| 5. | पूर्णियां | श्री अमरेन्द्र कुमार पंकज, अनुमंडल पदाधिकारी, बायसी–सह– निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, |

| | | |
|---|---|---|
| | | 57–बायसी |
| 6. | बांका | श्री रंजन कुमार चौधरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बांका –सह– निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 162–कटोरिया (अ0ज0जा0) |
| 7. | अररिया | श्री अनील कुमार ठाकुर, अपर समाहर्त्ता, अररिया–सह– निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 50–जोकिहाट |

**<u>Best BLO Award</u> -**

| क्र० सं० | जिला का नाम | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पटना | 180–बख्तियारपुर | 148–प्राथमिक विद्यालय चैरिया दक्षिणी नया भवन दो मंजिला |
| 2. | कैमूर | 206–चैनपुर | 2–उत्क्रमित विद्यालय, बिउरी (पश्चिमी भाग) |
| 3. | कटिहार | 69–कोढ़ा (अ0जा0) | 282–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नक्कीपुर एडेड बैजनाथपुर पश्चिम मध्य भाग |
| 4. | अररिया | 47–रानीगंज (अ0जा0) | 71–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भिट्ठा |
| 5. | कटिहार | 66–प्राणपुर | 287–मध्य विद्यालय, खरसौता, पश्चिम भाग |
| 6. | गोपालगंज | 104–हथुआ | 315–प्राथमिक विद्यालय, बड़का जिगना, पूरब टोला |
| 7. | समस्तीपुर | 139–रोसड़ा (अ0जा0) | 158–पैक्स भवन वारी पुरब भाग |
| 8. | औरंगाबाद | 220–ओबरा | 211–आँगनबाड़ी केन्द्र हर्दन विगहा दायां भाग |
| 9. | बांका | 162–कटोरिया (अ0ज0जा0) | 54–मिडिल स्कूल दोलभंगा (लेफ्ट विंग–1) |
| 10. | पश्चिम चम्पारण | 1–वाल्मीकिनगर | 352–प्राथमिक विद्यालय, उमा टोला |

- ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' के अवसर पर सभी जिलों एवं राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित नागरिकों को लोकतंत्र में अपनी आस्था रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गयी है।

**------XXXXXX------**